**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**10.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज मंडी में आपदा राहत वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता की और प्रभावित परिवारों को राहत राशि की पहली किश्त जारी की। आपदा प्रभावितों को पूरी तरह नष्ट घरों के लिए पहली किश्त के रूप में 4 लाख और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घरों को 90 हजार की पहली किश्त वितरित की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने चुनावी वायदे के मुताबिक कर्मचारियों को ओपीएस देने का काम किया और हर वर्ग के कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि भी की गई है। उन्होंने पूर्व भाजपा सरकार पर प्रदेश की संपदा को लूटने का आरोप भी लगाया।

------------------------------------------------------------

**अमित शाह**

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि शहरी सहकारी बैंकों को महत्वाकांक्षी युवाओं और समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए आगे आना चाहिए। आज नई दिल्ली में शहरी सहकारी ऋण क्षेत्र पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन–सहकारी कुंभ 2025 का उद्घाटन करते हुए उन्होंने ये बात कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शहरी सहकारी बैंक और ऋण समितियां संघ और शहरी संगठनों को नैतिक दिशा–निर्देश जारी करने चाहिए जिनके आधार पर प्रत्येक शहरी सहकारी बैंक अपने वित्तीय ढांचे को नया स्वरूप प्रदान करे। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य सहकारिता को मज़बूत करने के साथ–साथ समाज के वंचित वर्गों का उत्थान करना है।

अमित शाह ने कहा कि पांच वर्षों के भीतर दो लाख से अधिक आबादी वाले प्रत्येक कस्बे में एक शहरी सहकारी बैंक स्थापित करने का लक्ष्य होना चाहिए। सहकारिता मंत्री ने कहा कि सहकार डिजी–पे और सहकार डिजिलोन ऐप छोटी शहरी सहकारी समितियों को भी डिजिटल भुगतान से जोड़ेंगे।

------------------------------------------------------------

**निवेश**

पिछले अढ़ाई वर्षों में औद्योगिक क्षेत्र बद्दी बरोटीवाला में करीब 5 हजार करोड रुपए का निवेश हुआ है। उद्योग विभाग के उप निदेशक योगेश गुप्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने इस क्षेत्र में ढाई सौ से अधिक उद्योगों को स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने बताया कि इन उद्योगों के स्थापित होने से यहां पर 20 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान होंगे।

----------------------------------------------------------------

**पर्यटन**

प्रदेश में अब सर्दियों का पर्यटन सीजन आरंभ हो चुका है और बीते सप्ताह के अंत में शनिवार और रविवार को प्रदेश के पर्यटन स्थलों में सैलानियों की खूब भीड़ नजर आई। वीकेंड में होटलों में करीब 50 फीसदी बुकिंग रहीं। ऊंची चोटियों में इस बार जल्द हुए हिमपात से मनाली के पर्यटन कारोबारी को आने वाले दिनों में पर्यटकों की आमद बढ़ने की उम्मीद है।

*पर्यटन कारोबारी–– इस बार स्नोफॉल हमारा बहुत जल्दी हुआ है । इस वजह से हमारा टूरिज्म भी हर वीकेंड में धीरे–धीरे ग्रो हो रहा है और आने वाले समय में मुझे लगता है कि बहुत अच्छा रहेगा टूरिज्म के लिए , और खास करके न्यू ईयर तो मुझे लगता है बहुत अच्छा ही जाएगा मनाली में । 2 दिन पहले भी रोहतांग पास में स्नोफॉल हुई है उसका भी हमें आने वाले टाइम में बेनिफिट मिलेगा .*

**स्नो फाल बहुत जल्दी हुआ है और खासकर न्यू ईयर मनाली का बहुत अच्छा रहेगा।**

इधर वीकेंड पर शिमला सहित आस–पास के पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। पर्यटकों का मानना है कि शिमला एक ऐतिहासिक स्थल है और यहां पहुंचने लिए अब सड़क सुविधा बेहतर हो गई है।

*पर्यटक – 1 शिमला अच्छा है पहली बार आया हूं यहां शिमला में तो अच्छा एक्सपीरियंस है सब वेदर भी बहुत अच्छा है सभी सुविधाएं हैं हमारे शिमला में भी । हिल स्टेशन तो हमारे सबसे फेमस है और यह वेदर घूमने के लिए सबसे अच्छा है ऐसे में अगर स्नोफॉल होती तो और अच्छी हो जाती ।*

*पर्यटक– 2*

*बेसिकली क्या है कि अब हम लोग अप – डाउन कर सकते हैं। शिमला से रोड बहुत अच्छे बन गए हैं डबल लेन बन रही है इससे बहुत ज्यादा फैसिलिटी मिल रही है। मतलब की इजी हो गया है । पहले हम सोचते थे की बहुत लंबा ट्रिप होगा लेकिन अब रोड बहुत अच्छे हो गए हैं तो वनडे ट्रिप हो जाता है । हम अपने रूटिंन से जब इधर आते हैं तो एक चेंज हमें मिलता है जो हम एक्सपेक्ट करते हैं ।रजत मल्होत्रा – जैसे कि आप विंटर सीजन शुरू हो गया है हमने भी ग्राउंड की प्रिपरेशन शुरू कर दी है और जिस हिसाब से सर्दी चल रही है तो हमारा मानना है कि दिसंबर के फर्स्ट वीक में हम ट्रायल सेशन शुरू कर देंगे और हो पुली इस साल विंटर सेशन अच्छा रहेगा*

----------------------------------------------------------------

**लवी मेला**

शिमला ज़िले के रामपुर में ऐतिहासिक अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला कल 11 से 14 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस मेले का शुभारंभ राज्यपाल शिव प्रताप करेंगे। इस चार दिवसीय मेले के दौरान कब्बड्डी, बॉक्सिंग, बैडमिंटन और मिनी मैराथन जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा सांस्कृतिक संध्याएं भी आकर्षण का केन्द्र रहेंगी।

----------------------------------------------------------------